भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2410

जिसका उत्तर 05.03.2020 को दिया जाना है

वेब पोर्टल 'गति'

2410. श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः

श्री बिद्युत बरन महतोः

श्री गजानन कीर्तिकरः

श्री सुधीर गुप्ताः

श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एक ऑनलाइन वेब पोर्टल 'गति' की शुरुआत की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) सड़क परियोजनाओं के शीघ्र निर्माण में उक्त पोर्टल द्वारा किस तरीके से मदद करने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार का पारदर्शिता लाने हेतु उक्त पोर्टल पर उठाई गई समस्या का समाधान प्रतिदिन के आधार पर करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समर्पित अधिकारियों की एक टीम गठित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर काम कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने परियोजना से संबंधित मुद्दों पर एनएचएआई अधिकारियों से त्वरित प्रतिक्रिया / निर्णय के लिए एक ऑनलाइन वेब पोर्टल 'गति' की शुरुआत की है।

(ख) ठेकेदार / रियायतग्राही / प्रयोक्ता फीस एकत्रित करने वाली एजेंसियां और परामर्शदाता (एई/आईई) परियोजना से संबंधित बुनियादी विवरण भरकर पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं और भुगतान सहित निर्णय में देरी जैसे कोई भी परियोजना विशिष्ट मुद्दे उठा सकते हैं, या किसी अन्य शिकायत को दर्ज कर सकते हैं। इससे पारदर्शिता आएगी और एनएचएआई में निर्णय लेने में तेजी आएगी क्योंकि पोर्टल की निगरानी उच्च अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

(ग) और (घ) जी, हां। गति पोर्टल में संबंधित परियोजना निदेशक, क्षेत्रीय अधिकारी और मुख्यालय के अधिकारियों (मुख्य महाप्रबंधक और महाप्रबंधक) को ईमेल और एसएमएस द्वारा सचेत करने की सुविधा है। गति पोर्टल पर उठाए गए मुद्दों की निगरानी एनएचएआई की टीम द्वारा प्रतिदिन की जाएगी और समय-समय पर वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा इसकी समीक्षा की जाएगी।

(ङ) दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कार्य जनवरी 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

*****